नेतरहाट आवासीय विद्यालय में सात दिवसीय बेसिक स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन कोर्स का आयोजन

जीवन में स्काउट गाइड का प्रशिक्षण नितांत आवश्यक है : प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान

आजाद सिपाही संवाददाता

नेतरहाट। भारत स्काउट और गाइड झारखंड राज्य के द्वारा बेसिक स्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टन कोर्स का आयोजन 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक नेतरहाट आवासीय विद्यालय नेतरहाट में किया जा रहा है, जिसका विधिवत उद्घाटन डॉक्टर प्रसाद पासवान, प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय नेतरहाट सह जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट और गाइड, लातेहार के द्वारा झंडोत्तोलन कर किया गया। इस बेसिक कोर्स में खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, पलामू, गढ़वा, लातेहार, पाकुड़, गुमला, सिमडेगा एवं रांची जिले से 70 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाएं भाग ले रहे हैं। उद्घाटन के अवसर पर डॉक्टर प्रसाद पासवान, प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट /गाइड का प्रशिक्षण जीवन में नितांत आवश्यक है एवं स्काउट गाइड का प्रशिक्षण प्राप्त करने से देश भक्ति की भावना जागृत करता है। इससे सामाजिक, मानसिक, आध्यात्मिक, नैतिक एवं चारित्रिक विकास होता है।

इस कोर्स का शिविर प्रधान अमोद कुमार सिंह, राज्य संगठन आयुक्त, स्काउट सह राज्य प्रशिक्षण आयुक्त, स्काउट के द्वारा संचालित किया जा रहा है साथ ही बिनय मोहन चौधरी, डीके दुबे, शाकिर अंसारी, हरेंद्र प्रजापति प्रशिक्षण में सहयोग कर रहे हैं।

अमृत वाटिका राष्ट्रीय एकात्मता का तीर्थ स्थल होगी : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार पूरे झारखंड से जमा किये गये अमृत कलश को भारत की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अमृत बागान के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर धनबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि पूरे झारखंड भर से जमा किये गये इन माटी को अमृत बागान, जो दिल्ली में बन रहा है, वहां पर इसे शामिल किया जायेगा, ताकि देश भर के शहीदों के याद में एक सुंदर स्मृति स्थल का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि अमृत वाटिका राष्ट्रीय एकात्मता का तीर्थ स्थल होगी।

ट्रेन को रावण हेतु रांची रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, रांची के सांसद संजय सेठ, नवीन जायसवाल, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा एवं हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस सीजन में दिल्ली की हवा सबसे ज्यादा प्रदूषित

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली में रविवार के दिन इस सीजन की सबसे प्रदूषित हवा रही। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 325 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब श्रेणी में है। यह इस सीजन का सबसे अधिक एक्यूआइ रहा। वहीं, शनिवार के मुकाबले 21 सूचकांक में बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले 22 अक्टूबर को एक्यूआइ 313 दर्ज किया गया था। यह तीसरी बार है जब दिल्ली का एक्यूआइ बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है। जहांगीरपुरी और नेहरु नगर में वायु सूचकांक औसतन 400 के पार दर्ज किया गया, यह गंभीर श्रेणी में है। वहीं, 22 इलाकों में हवा बेहद खराब और सात इलाकों में हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गयी। साथ ही, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा में सर्वाधिक हवा प्रदूषित रही। यहां एक्यूआइ 344 दर्ज किया गया। दिल्ली की हवा समग्र रूप से बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गयी। कमोबेश यही स्थिति पूरे सप्ताह तक बनी रहने का अनुमान है। मौसम में बदलाव, हवा की गति कम होने और पराली का धुआं घुलने से हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गयी है।

जहांगीरपुरी व नेहरू नगर में सबसे अधिक प्रदूषित : केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक दिल्ली में रविवार को 22 इलाकों में बेहद खराब हवा दर्ज की गयी। इसमें जहांगीरपुरी व नेहरु नगर का एक्यूआइ सर्वाधिक दर्ज किया गया। यहां वायु सूचकांक 412 व 403 दर्ज किया गया, जो कि बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, मुंडका में 392, न्यू मोती बाग में 375, नरेला में 370, द्वारका सेक्टर-8 में 358, बुराड़ी क्रॉसिंग में 334, विवेक विहार में 337, पंजाबी बाग में 339, आइजीआइ एयरपोर्ट में 338, नॉर्थ कैंपस में 351,आरके पुरम में 341 एक्यूआइ दर्ज किया गया।

इजरायल ने गाजा में बढ़ाये जमीनी हमले

एजेंसी

गाजा पट्टी। हमास-इजरायल युद्ध का रविवार को 23वां दिन है, लेकिन युद्ध के थमने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। गाजा पट्टी में रहने वाले लोगों की स्थिति समय के साथ दयनीय होती जा रही है। इसी बीच, हमास शासित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि 7 अक्टूबर को युद्ध शुरू होने के बाद से 8,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गये हैं। रविवार को कहा गया कि मरने वालों की संख्या बढ़ कर 8,005 फलस्तीनियों तक पहुंच गयी है, जिनमें 3,300 से अधिक नाबालिग और 2,000 से अधिक महिलाएं शामिल हैं। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध में दूसरे चरण की घोषणा की। अब इजरायली टैंक और पैदल सेना गाजा में घुस गयी। व्यापक जमीनी आक्रमण तब हुआ, जब इजरायल ने भी हवा, जमीन और समुद्र से क्षेत्र पर हमला किया।

स्वास्थ्य मंत्रालय हमास द्वारा संचालित सरकार का हिस्सा है, लेकिन इसमें डॉक्टर और अनुभवी सिविल सेवक शामिल हैं। मंत्रालय ने पिछले सप्ताह विस्तृत रिकॉर्ड जारी किया, जिसमें दर्ज की गयी अधिकांश मौतों के नाम, उम्र और आइडी नंबर दिखाये गये और कहा कि कुछ शवों की अभी तक पहचान नहीं की गयी है।

बेबस लोगों ने गोदामों को लूटा : इजरायल 1,400 से अधिक लोग मारे गये हैं, जिनमें से अधिकांश नागरिक हमास द्वारा 7 अक्टूबर को इजरायल में किये गये खूनी हमले में मारे गये हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने कहा कि हजारों लोग आटा और बुनियादी स्वच्छता उत्पाद लेने के लिए गाजा में सहायता गोदामों में घुस गये, यह बढ़ती हताशा और इजरायल और गाजा के उग्रवादी हमास शासकों के बीच तीन सप्ताह से चल रहे युद्ध के कारण सार्वजनिक व्यवस्था के टूटने का प्रमाण है।



घुसपैठ की एक और कोशिश नाकाम सुरक्षाबलों ने आतंकी को मार गिराया

आजाद सिपाही संवाददाता

कुपवाड़ा। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक बार फिर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया गया है। कुपवाड़ा जिले के जुमागुंड सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को विफल किया। यहां एक आतंकवादी मारा गया। अभी ऑपरेशन चल रहा है। कुपवाड़ा पुलिस और सेना की 2 बिहार यूनिट की संयुक्त टीम ने जिले जुमागुंड सेक्टर में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा को पार घुसपैठ करने वाले एक आतंकी को मार गिराया है। पुलिस और सेना के जवान मोर्चे पर डटे हुए हैं। अभी ऑपरेशन जारी है। इससे पहले गुरुवार को कुपवाड़ा को पुलिस और सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने पांच आतंकियों को ढेर किया था। मारे गये आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे, जो सीमा पर से भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने की कोशिश में थे। इससे पहले ही सतर्क जवानों ने उन्हें मार गिराया। उनके पास से भारी मात्रा हथियार और गोला बारूद भी बरामद किया गया था।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**